**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 12-05-2005**

**Participants : Singh Baba Shri K.C.**

an>

Title: Need to formulate a national plan for rehabilitation of Gujar Community in Uttaranchal and other parts of the country.– Laid.

**श्री के.सी.सिंह 'बाबा' (नैनीताल)** : महोदय, मैं आपके माध्यम से पर्यावरण और वन मंत्री महोदय को अवगत कराना चाहता हूं कि उत्तरांचल के जंगलों तथा पहाड़ों में काफी संख्या में वन गुजर जाति के लोग रहते हैं। इस जाति के लोगों की स्थिति बहुत ही दयनीय है1 मैंने इनके पुनर्वास के लिए सरकार से पहले भी निवेदन किया था।

महोदय, इनके पुनर्वास से इनकी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक दशा में सुधार हो सके तथा ये भी आम जनसुविधाओं का उपभोग कर सकें, जैसे कि रोड, स्कूल, अस्पताल, डाकघर आदि और इस जाति के लोगों का भविय भी सुनिश्चित हो सके।

आज इनके सर्वांगीण विकास के लिए सर्वप्रथम उत्तरांचल प्रदेश से वन गुर्जर जाति के लिए राट्रव्यापक योजना बनायी जाये तथा इनकी शैक्षणिक, आर्थिक तथा सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके। ऐसा तभी संभव होगा जब वन गुर्जर लोगों के पुनर्वास हेतु राट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जाये और जंगलों को भी नट होने से बचाया जा सके, जिससे कि पर्यावरण का संतुलन बना रहे।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि सरकार जंगलों से वन गुर्जर परिवारों को जल्द से जल्द पुनवार्सित करने की व्यवस्था करें।